दिनांक : 03.04.2035 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- लोकसभा में पारित हुआ वक्फ (संशोधन) विधेयक, सरकार ने कहा- अल्पसंख्यकों के लिए सबसे सुरक्षित देश है भारत।
- जबलपुर हाई कोर्ट ने एम. पी. पी. एस. सी.-2025 पर अंतरिम रोक लगाई।
- मौसम में आया बड़ा बदलाव, आज कई जिलों के लिए जारी हुई चेतावनी।
- आईपीएल ट्वेन्टी-ट्वेन्टी में गुजरात टाइटन्स ने रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु को हराया।

लोकसभा वक्फ विधेयक पारित

लोकसभा ने विपक्ष के संशोधनों को खारिज करते हुए कल देर रात वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 पारित कर दिया है। दो सौ अठ्यासी सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में, जबकि दो सौ बत्तीस सदस्यों ने विरोध में मतदान किया। वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 का उद्देश्य विरासत स्थलों की सुरक्षा और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के साथ ही वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन सुव्यवस्थित करना है। विधेयक में मुस्लिम महिलाओं, विशेष रूप से विधवाओं और तलाकशुदा महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सुधार का भी प्रयोजन है।

विपक्ष को जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल की स्वीकृति और संयुक्त संसदीय समिति द्वारा विस्तृत विचार-विमर्श के बाद यह विधेयक लाया गया है।

विधेयक पर चर्चा का उत्तर देते हुए अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने कहा कि यह धारणा गलत है कि गैर-मुस्लिम वक्फ बोर्ड के कामकाज में हस्तक्षेप करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत अल्पसंख्यकों के लिए सबसे सुरक्षित देश है। इस मामले पर मध्यप्रदेष के नगरीय प्रषासन मंत्री कैलाष विजयवर्गीय ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा -

विकास मॉडल मुख्यमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उद्योगों और अन्य क्षेत्रों में तीव्र विकास हो रहा है। उद्योगपति सरकारों और समाज के लिए सहयोगी हैं। वे लाखों परिवारों को रोटी, कपड़ा और मकान उपलब्ध करवाते हैं। यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल रात इंडस्ट्री एक्सीलेंस अवार्ड समारोह में कहीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उद्योगपति आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने में आज पूर्ण सहयोग प्रदान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी को विभिन्न राष्ट्रों से जो सम्मान मिल रहा है, वह अद्वितीय हैं। डॉ.यादव ने कहा कि रूस और यूक्रेन भले ही परस्पर लड़ते रहे, लेकिन दोनों देशों ने प्रधानमंत्री मोदी के आग्रह को मानते हुए भारत और अन्य देशों के विद्यार्थियों को संकट से निकालने में सहयोग दिया।

गेहूँ उपार्जन

किसानों के हित में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये पंजीयन की अवधि 9 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। पूर्व में पंजीयन की अवधि 31 मार्च 2025 तक निर्धारित की गई थी। यह जानकारी राज्य के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने दी है। मंत्री श्री राजपूत ने किसानों से आग्रह किया है कि जिन किसानों ने अभी तक पंजीयन नहीं करवाया है, वे 9 अप्रैल तक गेहूँ उपार्जन के लिये पंजीयन जरूर करायें। आपको बता दें कि गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये है और राज्य सरकार द्वारा 175 रुपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। इस तरह से गेहूँ की खरीदी 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है।

एमपीपीएससी हाई कोर्ट

मध्यप्रदेश राज्य सेवा मुख्य परीक्षा एम. पी. पी. एस. सी. -2025 पर कल जबलपुर हाईकोर्ट ने अंतरिम रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने प्रारंभिक परीक्षा के वर्गवार कट ऑफ नंबर की रिपोर्ट पेश करने के भी निर्देश दिए हैं। दरअसल, आरक्षित वर्ग के मेरिटोरियस छात्रों को अनारक्षित वर्ग में न चुने जाने को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। अब अगली सुनवाई 15 अप्रैल को होगी। आपको बता दें कि मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने 5 मार्च 2025 को 158 पदों के लिए प्रारंभिक भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित किया था, जिसमें वर्गवार कट ऑफ नंबर जारी नहीं किए गए थे। जबकि इससे पहले की सभी परीक्षाओं में वर्गवार कट ऑफ अंक जारी किए जाते रहे हैं।

जल गंगा संवर्धन अभियान

जल संरक्षण की दिषा में में प्रदेषभर में जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। झाबुआ में जन अभियान परिषद द्वारा कल आर्दश ग्राम पंचायत असालिया सहित कई ग्रामों में सामूहिक श्रमदान के माध्यम से कुएं की सफाई एवं गहरीकरण का कार्य किया गया। उधर, जबलपुर जिले की 527 ग्राम पंचायतों में इस अभियान के तहत जल संरचना निर्माण, संरक्षण, मरम्मत जैसे कार्य चल रहे हैं। डिंडौरी संवाददाता के अनुसार- 30 जून 2025 तक चलने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में जल चौपाल, श्रमदान, स्कूल रैली, दीवार लेखन, नुक्कड़ नाटक, निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से जल संरक्षण का दिया जाएगा। जबकि रायसेन जिले में जल संसाधन विभाग द्वारा विभिन्न जलाशयों, डेमों की पाल पर सफाई कार्य कराया गया। उधर, रीवा जिले के रायपुर कर्चुलियान तालाब में जल संरक्षण का कार्य प्रारंभ किया गया है। नीमच में बच्चों को जागरूक करने के लिए ग्वालटोली के मां सरस्वती विद्यापीठ स्कूल में बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता द्वारा जल संरक्षण की जानकारी दी गई।

मौसम

प्रदेश के मौसम में अचानक बड़ा बदलाव आ गया है। कल कई जिलों में गरज-चमक के साथ जहां बारिष हुई, वहीं कुछ इलाकों में ओला भी गिरे हैं। सिवनी, छिंदवाड़ा, मंदसौर, बैतूल, पांढुर्णा, जिलों में पानी गिरा। वहीं, कल सर्वाधिक अधिकतम तापमान नरसिंहपुर जिले में 40.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। अशोकनगर जिले में कल रात झमाझम बारिश से मौसम में गर्मी के तेवर नरम पड़ गए। लेकिन किसानों की चिंता बढ़ गई है। खेतों में गेंहू की फसल कट रही है। वहीं कुछ किसानों की फसल खेतों में कटी पड़ी है। मौसम विभाग ने 40 से अधिक जिलों में बारिष का अनुमान जताया है। जबकि बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, छिंदवाड़ा, सिवनी, पाढुंर्णा, गुना, अषोकनगर और षिवपुरी में तेज हवाओं के साथ बारिष और वज्रपात की चेतावनी जारी की है।

आईपीएल 20-ट्वेन्टी क्रिकेट

आईपीएल ट्वेन्टी-ट्वेन्टी क्रिकेट में गुजरात टाइटन्स ने रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु को 8 विकेट से हरा दिया। बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में कल रात गुजरात टाइटन्स ने 17 ओवर और पांच गेंदों में दो विकेट खोकर 170 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। गुजरात टाइटन्स की ओर से जोस बटलर ने 39 गेंदों में सर्वाधिक नाबाद 73 रन की पारी खेली। इससे पहले रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 169 रन बनाए। आज कोलकाता के ईडन गार्डन्सय में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना मौजूदा चौंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। यह मैच शाम साढे सात बजे शुरू होगा।

समाचार संक्षेप में .....

- मंडला में भारत सरकार की एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजनांतर्गत मंडला जिले के पात्र दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को आज निःशुल्क सहायक उपकरण प्रदाय किये जाएंगे। इसके लिए जनपद पंचायत मोहगाँव में शिविर आयोजित होगा।
- नर्मदापुरम केन्द्रीय जेल में मांसपेशियों के दर्द और हड्डी रोग से पीड़ित बंदियों के उपचार के लिए कल फिजियोथेरेपी और रिहैबिलिटेशन शिविर आयोजित किया गया।
- प्रदेष में मूल गौवंशीय नस्ल एवं भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों और पषुपालन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस श्रृंखला में आगर मालवा में गोपाल पुरस्कार योजना प्रतियोगिता 02 अप्रैल से 08 अप्रैल तक चलाई जा रही है।
- धार जिले में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कल सहकारी संस्थाओं में हुए गबन एवं धोखाधड़ी के प्रकरणों की समीक्षा आयोजित की। उन्होंने कहा बैंक द्वारा न्यायालयीन कार्यवाही में वाद, साक्ष्य आदि प्रस्तुत करने की कार्यवाही लंबित नहीं होनी चाहिए।
- सतना कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस. ने कल मझगवा जनपद में भ्रमण एंव दौरा किया। इस दौरान वे दूर दराज क्षेत्र मालगौसा पंचायत पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत कर पेयजल समस्या के बारे में जानकारी प्राप्त की।
- प्रधानमंत्री आवास योजना में घर बनाने के लिए पैसे की मांग करने वाली रोजगार सहायक रूकमणी पटेल की सेवा कलेक्टर ने समाप्त कर दी हैं।
- भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत मुरैना में कलेक्टर अंकित अस्थाना शासकीय उत्कृष्ट उमा विद्यालय क्र. 1 पहुंचे और वहां बच्चों को पाठ पढ़ाया।
- परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा को एक मामले में ़ जमानत मिलने पर विपक्षी दल कांग्रेस, भाजपा सरकार पर हमलावर है। कल प्रदेष कार्यालय भोपाल के सामने विरोध प्रदर्षन किया गया।

- मध्यप्रदेष पुलिस की सातवीं वाहिनी अपना 76वां स्थापना दिवस मना रही हैं। कमांडेंट हितेश चौधरी ने बताया कि  इस मौके पर भोपाल के लाल परेड मैदान में साप्ताहिक खेल प्रतियोगिता का अयोजन किया जा रहा हैं।

-------